परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था

अणुशक्ति नगर, मुंबई – 400094

अर्द्धवार्षिक परीक्षा

सत्र – 2023-2024

कक्षाः आठवीं (8) समय: 90 मिनिट

विषय: हिंदी (तृतीय भाषा) पूर्णांक: 40

सामान्य निर्देश-

1. इस प्रश्न पत्र में कुल चार प्रश्न हैं।
2. निर्देशानुसार सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः लिखिए।
4. कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।
5. वर्तनी की शुद्धता और लिखावट पर विशेष ध्यान दीजिए।

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उत्तर विकल्पों में से चुनिए। 1×4=4

प्रथम भारतीय नौका अभियान दल विश्व की परिक्रमा कर 54,000 किलोमीटर की दूरी मापकर यात्रा के बाद, 470 दिन की ऐतिहासिक यात्रा के बाद 10 जनवरी, 1987 को 6:00 बजे मुंबई बंदरगाह पहुँचा। जैसे ही तृष्णा के दस सदस्यीय अभियान दल ने गेटवे ऑफ इंडिया की सीढ़ियों पर कदम रखे, भीड़ खुशी से चिल्ला उठी, आतिशबाजी छोड़ी गईं, बंदूके दागी गईं और हमारे स्वागत में सायरन बजाए गए। हममें से कई अपने परिवारों से साढ़े पंद्रह माह से बिछुड़े हुए थे। 'आपका स्वागत है, स्वागत है, पापा', 'हमें आपकी याद आती थी' जैसे प्लेकार्ड हाथों से थामें हमारे बच्चों ने हमें सचमुच रुला दिया। लेकिन यहाँ केवल हमारे परिवार ही स्वागत में नहीं खड़े थे बल्कि पूरा गेटवे ऑफ इंडिया मित्रों और शुभचिंतकों से अटा पड़ा था।

(क) प्रथम भारतीय नौका अभियान में कितने सदस्य थे और इनकी नौका का नाम क्या था?

(ख) अभियान कितने दिन में पूर्ण हुआ और यह कब मुंबई के बंदरगाह पहुँचा ?

(ग) अभियान का उद्देश्य क्या था?

(घ) अभियान दल के स्वागत में कौन-कौन शामिल था?

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए? 1×4=4

हरी घास पर बिखेर दी हैं

ये किसने मोती की लड़ियाँ

कौन रात में गूँथ गया है.

ये उज्ज्वल हीरों की कड़ियाँ?

जुगनू से जगमग जगमग ये

कौन चमकते हैं यों चमचम?

नभ के नन्हें तारों से ये

कौन दमकते हैं यों दमदम?

लुटा गया है कौन जौहरी

अपने घर का भरा खज़ाना ?

पत्तों पर, फूलों पर, पग पग

बिखरे हुए रतन हैं नाना।

क. कवि को हरी-हरी घास पर ओस की बूँदे कैसी प्रतीत होती हैं?

1. हीरों की कड़ियाँ
2. मोती की लड़ियाँ
3. उपर्युक्त दोनों
4. इनमें से कोई नहीं

ख. सूर्य की किरणों के ओस की बूँदों पर पड़ने से ये किसके समान जगमगा उठते हैं?

1. जुगनू
2. चाँद
3. सूर्य
4. इनमें से कोई नहीं

ग. कवि के अनुसार रतन कहाँ-कहाँ बिखरे हुए हैं?

1. पत्तों पर

2. फूलों पर

3. पग-पग पर

4. उपर्युक्त सभी

घ. उपर्युक्त पंक्तियों को लिखने वाले कवि का नाम है-

1. कुँवर नारायण

2. सोहनलाल द्विवेदी

3. सोमदत्त

4. त्रिलोचन

प्रश्न 2. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>आठ (8)</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×8=16

(क) कवि ने अपनी गुड़िया के बारे में अनेक बातें बताई हैं। उनमें से कोई दो बातें लिखो ।

(ख) देखो जी, चिड़ियों को मत निकालो। माँ ने पिताजी से गंभीरता से यह क्यों कहा?

(ग) कमरे में फिर से शोर होने पर भी पिताजी अबकी बार गौरैया की तरफ की तरफ देखकर मुसकुराते क्यों रहे ?

(घ) गुड़िया को कौन, कहाँ से और क्यों लाया है?

(ङ) ओस के कणों को देखकर कवि का मन क्या करना चाहता है?

(च) बच्चों ने मंच की व्यवस्था किस प्रकार की?

(छ) यह संदेशा ले कर आई, सरस मधुर शीतल पुरवाई।"

पुरवाई किसान के लिए क्या संदेशा लेकर आई होगी?

(ज) नरेन्द्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?

(झ) वापसी में वल्ली ने खिड़की के बाहर देखना क्यों बंद कर दिया ?

(ञ) क्या होता अगर वल्ली की माँ जाग जाती और वल्ली को घर पर न पाती?

प्रश्न 2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए। 1×16=16

(क) शब्दों के अंतिम वर्ण से नए शब्द निर्माण करो ।। (2)

उदाहरण- मेला	लाल	लगन	नया	याद
पिया	-----	------	-----	-----
खोल	-----	-------	------	-----

(ख) शब्दों में अंतर स्पष्ट करने हेतु दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए। (2)

चुक - चूक

सुख - सूख

(ग) दिए गए शब्दों के रूप बदलकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। (4)

[चमक, सरक, बिखर, बन]

(i) ज़रा सा रगड़ते ही हीरे ने -------------शुरू कर दिया।

(ii) तुम यह कमीज़ किस दर्जी से---------------चाहते हो?

(iii) साँप ने धीरे-धीरे -----------------शुरू कर दिया।

(iv) तुमने अब खिलौने ----------------बंद कर दिए?

(घ) नीचे दिए गए वाक्यों के अंत में उचित विराम चिह्न लगाओ। (4)

1. शायर साहब बोले उधर जाकर सुन ले न
2. सभी लोग हँसने लगे
3. तुम नाटक में कौन-सा पार्ट कर रहे हो
4. मोहन बोला अरे क्या हुआ तुम तो अपना संवाद भूल गए

(ङ) उपयुक्त मुहावरे भर कर वाक्य पूरे कीजिए। (4)

[आग बबूला होना, सकपकाना, दबे पाँव, शामत आना]

1. चोर-------------घर में घुस गया।
2. देर से आने पर मम्मी------------गईं।
3. सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय----------।
4. ऊधम मचाने वाले बच्चों की ----------------।